Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۭ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَاۗءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَاۗءُ ۭ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 42

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

17 सफर 1440 हिजरी कमरी 17 इख़ा 1397 हिजरी शमसी 17 अक्तूबर 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

जब अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माना को अन्धकार और गुमराही में भरा हुआ पाया और हर तरफ़ से अन्धेरा और अन्धकार की घनघोर घटा दुनिया पर छा गई। उस वक़्त इस अन्धेरे को दूर करने और ज़लालत को हिदायत और नेकी से तबदील करने के लिए एक चमकता हुआ सूर्य फ़ारान की चोटियों पर चमका अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मबऊस (प्रादुर्भव) हुए।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

क़ुरआन का नाम ज़िक्र रखने की वजह

अब देखो। क़ुरआन करीम का नाम ज़िक्र रखा गया है इस लिए कि वह इन्सान की अंदरूनी शरीयत याद दिलाता है। जब इस्म फाइल(संज्ञा) को मसदर (धातु) की सूरत में लाते हैं तो वह मुबालग़ा (अतिश्योक्ति) का काम देता है जैसा ज़ैदुन अदलुन क्या अर्थ ? ज़ैद बहुत आदिल (न्याय करने वाला) है। क़ुरआन कोई नई शिक्षा नहीं लाया बल्कि इस अंदरूनी शरीयत को याद दिलाता है जो इन्सान के अंदर विभिन्न ताक़तों की आवस्था में रखी है। विनम्रता है, कुर्बानी है, बहादुरी है, ज़बरदस्ती है, ग़ज़ब है, क़िनाअत है इत्यादि। अत: जो फ़ितरत अन्दर रखी थी क़ुरआन ने उसे याद दिलाया। जैसे فِيْ كُتُبٍ مَّكْنُوْنٍ (अल-वाक़िय: :79) अर्थात सहीफ़ा फ़ितरत में कि जो छुपी हुई किताब थी और जिसको हर एक शख़्स ना देख सकता था। इसी तरह इस किताब का नाम ज़िक्र वर्णन किया ताकि वह पढ़ी जाए तो वह अंदरूनी और रुहानी कुव्वतों और इस दिल के नूर को जो आसमानी वदीअत इन्सान के अन्दर है, याद दिलाए। अत: अल्लाह तआला ने क़ुरआन को भेज कर बजाए ख़ुद एक रुहानी चमत्कार दिखाया ताकि इन्सान उन मआरिफ़ और हक़ीक़तों और रुहानी चमत्कारों को मालूम करे जिनका उसे पता ना था मगर अफ़सोस कि क़ुरआन के इस उद्देश्य को छोड़कर जो هُدًى لِّلْمُتَّقِيْنَ(अलबक़र :3) है। इस को सिर्फ कुछ क़िस्सों का सार समझा जाता है और निहायत बेपर्वाई और ख़ुदग़रज़ी से मुशरिकीन अरब की तरह असातीरुल अव्वलीन (पहलों की कहानियां) कह कर टाला जाता है। वह ज़माना था आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के प्रादुर्भाव का और क़ुरआन के नुज़ूल का। जब वह दुनिया से गुम हुी ताक़तों को याद दिलाने के लिए आया था। अब वह ज़माना आ गया जिसके बारे में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भविष्यवाणी की थी कि लोग क़ुरआन पढ़ेंगे लेकिन उनके हलक़ से क़ुरआन ना उतरेगा। अत: अब तुम इन आँखों से देख रहे हो कि लोग क़ुरआन कैसी अच्छी आवाज़ और उम्दा किरत से पढ़ते हैं लेकिन वह उनके हलक़ से नीचे नहीं गुज़रता। इस लिए जैसे क़ुरआन करीम जिसका दूसरा नाम ज़िक्र है। इस आरंम्भिक ज़माना में इन्सान के अंदर छिपी हुई और भूली हुई सदाक़तों और वदीअतों को याद दिलाने के लिए आया था।

इस ज़माना में भी आसमान से एक मुअल्लिम आया

अल्लाह तआला के इस दृढ़ वादा के अनुसार से कि اِنَّا لَهٗ لَحٰفِظُوْنَ (अल-हिज्र:10) इस ज़माना में भी आसमान से एक मुअल्लिम आया जो اٰخَرِيْنَ مِنْهُمْ لَمَّا يَلْحَقُوْا بِهِمْ (सूरह अल्जुम्अ: :4) का मिस्दाक़ और मौऊद है। वह वही है जो तुम्हारे मध्य बोल रहा है। मैं फिर रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी की तरफ़ लौट कर के कहता हूँ कि आपने इस ज़माना ही के बारे में ख़बर दी थी कि लोग क़ुरआन को पढ़ेंगे लेकिन वह उनके हलक़ से ना उतरेगा। अब हमारे मुख़ालिफ़, नहीं नहीं अल्लाह तआला के वादों की क़दर ना करने वाले और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बातों पर ध्यान ना देने वाले ख़ूब गले मरोड़ मरोड़ कर يٰعِيْسٰى اِنِّيْ مُتَوَفِّيْكَ وَرَافِعُكَ اِلَيَّ (आले इम्रान 56) और فَلَمَّا تَوَفَّيْتَنِيْ (अलमाइदा :118) क़ुरआन में अजीब लहजा से पढ़ते हैं। लेकिन समझते नहीं और अफ़सोस तो यह है कि अगर कोई दयालु अपदेशक बन कर समझाना चाहे तो समझने की कोशिश भी नहीं करते। ना करें। इतना तो करें कि इस की बात ही ज़रा सुन लें। मगर क्यों सुनें? वे सुनने वाले कान भी रखें। सब्र और सुधारणा से भी काम लें। अगर ख़ुदा तआला फ़ज़ल के साथ ज़मीन की तरफ़ तवज्जा ना करता तो इस्लाम भी इस ज़माना में दूसरे मज़हबों के समान मुर्दा और एक क़िस्सा कहानी समझा जाता। कोई मुर्दा मज़हब किसी दूसरे को ज़िन्दगी नहीं दे सकता लेकिन इस्लाम इस वक़्त ज़िन्दगी देने को तैयार है लेकिन चूँकि यह अल्लाह की आदत है कि कोई काम ख़ुदा तआला बग़ैर कारणों के नहीं करता। हाँ यह बात अलग है कि वह कारण हम को दिखाई दें या ना लेकिन इस में कोई शंका नहीं कि कारण ज़रूर होते हैं। इसी तरह आसमान से अनवार उतरते हैं जो ज़मीन पर पहुंच कर कारण की सूरत धारण कर लेते हैं। जब अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माना को अन्धकार और गुमराही में भरा हुआ पाया और हर तरफ़ से अन्धेरा और अन्धकार की घनघोर घटा दुनिया पर छा गई। उस वक़्त इस अन्धेरे को दूर करने और ज़लालत को हिदायत और नेकी से तबदील करने के लिए एक चमकता हुआ सूर्य फ़ारान की चोटियों पर चमका अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मबऊस (प्रादुर्भाव) हुए।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 2 से 3)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-11)

वाक़फ़ीन नौ बच्चों की हुज़ूर अनवर के साथ क्लास , फैमली मुलाकातें. मुलाकात करने वालों के ईमान वर्धक वर्णन।

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

वाक़फ़ीन नौ बच्चों की हुज़ूर अनवर के साथ क्लास

इस के बाद प्रोग्राम के अनुसार सवा सात बजे वाक़फ़ीन नौ बच्चों की क्लास शुरू हुई।

प्रोग्राम का आरम्भ तिलावत क़ुरआन करीम से हुआ जो प्रिय जलीस अहमद ने की। इसका उर्दू अनुवाद प्रिय बिलाल अहमद सिद्दीक़ी और अंग्रेज़ी अनुवाद प्रिय ताहिर अहमद भट्टी ने पेश किया।

इसके बाद प्रिय सय्यद निवास अहमद ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की निम्नलिखित हदीस पेश की।

ان المؤمن فی زمان القائم وھو بالمشرق لیری أخاہ الذی فی المغرب و کذا الذی فی المغرب یری أخاہ الذی فی المشرق

(बहारुल अनवार अलजामेअत अदर्दुर अख़बार अलआइमः अल-इज़हार लिश्शैख़ मुहम्मद बाक़िर अल-मज्लसी, जिल्द 52, बाब फ़ी सैरह वा अख़लाक़हो वा असहाबहू सफ़ा 391दार अहया अत्तुरास अल-अरबी बेरूत लबनान)

इमाम महदी के ज़माने में मशरिक़ वाला मोमिन अपने भाई को जो मग़रिब में होगा देख लिया करेगा और इसी तरह जो मग़रिब में होगा वो अपने भाई को जो मशरिक़ में होगा देख लिया करेगा।

प्रिय उसामा सैफी ने इस आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हदीस का अंग्रेज़ी भाषा में अनुवाद पेश किया।

इस के बाद प्रिय राशिद अहमद वड़ाइच ने हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का निम्नलिखित उद्धरण पढ़ कर सुनायाः हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम तजल्लियाते इलाहिया में तहरीर फ़रमाते हैं: ख़ुदा तआला ने मुझे बार-बार ख़बर दी है कि वह मुझे बहुत इरादात देगा और मेरी मुहब्बत दिलों में बिठाएगा और मेरे सिलसिला को सारी ज़मीन में फैलाएगा और सब फ़िर्क़ों पर मेरे फ़िर्क़ा को ग़ालिब करेगा और मेरे फ़िर्क़ा के लोग इस क़दर इलम और मार्फ़त में कमाल प्राप्त करेंगे कि अपनी सच्चाई के नूर और अपनी दलीलों और निशानों की दृष्टि से सब का मुँह बंद कर देंगे। और प्रत्येक क़ौम इस चश्मा से पानी पीएगी और यह सिलसिला ज़ोर से बढ़ेगा और फूलेगा यहां तक कि ज़मीन पर छा जाएगा। बहुत सी रोकें पैदा होंगी और इबतिला आएँगे मगर ख़ुदा सबको मध्य से उठा देगा और अपने वादा को पूरा करेगा। और ख़ुदा ने मुझे सम्बोधित कर के फ़रमाया कि मैं तुझे बरकत पर बरकत दूँगा यहां तक कि बादशाह तेरे कपड़ों से बरकत ढूँडेंगे।

अतः हे सुनने वालो! इन बातों को याद रखो। और उन पेश ख़बरियों को अपने संदूक़ों में महफ़ूज़ रख लो कि यह ख़ुदा का कलाम है जो एक दिन पूरा होगा।

(तजल्लियात इलाहिया, रुहानी ख़ज़ाइन कंप्यूटराईज़ड ऐडीशन, जिल्द 20, पृष्ठ 409,410)

इसके बाद प्रिय सौबान इक़बाल ने इस उद्धरण का अंग्रेज़ी भाषा में अनुवाद पेश किया।

इस के बाद प्रिय सय्यद उवैस अहमद, प्रिय यासर ख़ान और प्रिय आशिर अहमद भट्टी ने MTA के विष्य से एक तराना पेश किया जिसका अंग्रेज़ी अनुवाद इस्माईल मुबारक अहमद ने पेश किया।

इसके बाद प्रिय ज़रयाब फ़ारूक़ ने अंग्रेज़ी ज़बान में एम टी ए, हमारा ख़िलाफ़त से सम्बन्ध का द्वारा के विषय पर तक़रीर की। इस के बाद प्रिय लबीद अहमद ने एम टी ए की महत्व तथा बरकतों के विषय पर उर्दू भाषा में तक़रीर की।

इसके बाद प्रिय अर्सलान वलीद अहमद, प्रिय तलाल मंसूर अहमद ने एम. टी. ए हमारा ख़िलाफ़त से सम्बन्ध का माध्यम के विषय पर एक परीज़नटीशन दी।

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने सवाल करने की इजाज़त प्रदान फ़रमाई।

*हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने पूछा कि आप में से कितने हैं जो उर्दू समझ लेते हैं ? जिन को थोड़ी बहुत उर्दू आती है या समझ लेते हैं वे बारी बारी हाथ खड़ा करें। इसी तरह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमायाः वाक़फ़ीन नौ को उर्दू सीखने के लिए कोशिश करनी चाहिए।

*इसके बाद एक वाकिफ नौ बच्चे ने सवाल किया कि मैं हज़रत ख़लीफतुल मसीह सानी रज़ी अल्लाह अन्हो की किताब बरकाते ख़िलाफ़त पढ़ रहा था जिस में ख़लीफतुल मसीह सानी रज़ि अल्लाह अन्हो ने फ़रमाया है कि हर क़ौम में एक वक़्त आता है जब वह सियासत में जाते हैं। लेकिन इस वक़्त हमें सियासतदानों की ज़रूरत नहीं है लेकिन शायद भविष्य में हो तो उस वक़्त ख़लीफ़ा वक़्त बताएँगे। क्या अब वह वक़्त आ गया है कि अहमदी सियास्तदान बनें? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया : हाँ बन सकते हैं लेकिन वाक़फ़ीन नौ नहीं बन सकते। वाक़फ़ीन नौ के लिए मैंने एक प्रोग्राम दिया है कि जमाअत की क्या ज़रूरतें हैं। हमें इस वक़्त डाक्टरों और टीचरों की ज़रूरत है और कुछ इंजीनीयर्ज़ और एकाऊंटैंटस की भी ज़रूरत है लेकिन अधिकतर डाक्टरों और टीचरों की ज़रूरत है। अगर किसी में सियास्तदान बनने के लिए या इसी तरह किसी और पेशे के लिए कोई ख़ुदा तआला द्वारा सलाहीयत है तो वह व्यक्तिगत तौर पर सम्पर्क कर सकता है। वैसे तो अहमदी सियास्तदान मौजूद हैं। घाना में अहमदी सियास्तदान मैंबर आफ़ पार्लीमैंट हैं। इसी तरह पाकिस्तान में अहमदिया विरोधी क़ानून की आज्ञा से पहले 1974 ई में भुट्टो की पार्लीमैंट में तीन चार अहमदी मेम्बर थे ,एक सैनेट के मैंबर थे और दो अहमदी पंजाब असैंबली के मैंबर थे। यहां अमरीका में जो अहमदी सियासत में दिलचस्पी रखते हैं वह सियासत में जा सकते हैं लेकिन पार्टी के इंतिख़्वाब में एहतियात से काम लेना होगा।

*एक वाक़िफ़ नौ बच्चे ने सवाल किया कि हुज़ूर अनवर कैलीफोर्निया कब तशरीफ़ लाएँगे? इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि जब अल्लाह लाएगा। देखें कब आएँगे। एक बार तो हो चुका हूँ।

*एक वाकिफ नौ ने सवाल किया कि आपको हीवसटन आकर कैसे लगा? इस पर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि बड़ा अच्छा है। ख़ूबसूरत नज़ारा है। हीवसटन के इर्दगिर्द सारा केती बाड़ी का इलाक़ा है, बाग़ हैं, बाड़े हैं। अच्छी जगह है।

*एक वक़्फ़ नौ बच्चे ने सवाल किया कि जमाअत अहमदिया अमरीका किस तरह कुल तौर पर अपने आपको बेहतर कर सकती है? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया कि मैं अपने दौरे के अन्त में आपको बता दूँगा।

*एक बच्चे ने सवाल किया कि हुज़ूर अनवर की अमरीका के वाक़फ़ीन नौ के लिए सबसे ज़रूरी नसीहत किया है? इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमायाः आप लोग मेरे ख़ुत्बे सुनते हैं? मैंने दो साल पहले कैनेडा में ख़ुत्बा दिया था वही वाक़फ़ीन नौ का चार्टर है। इस में 31 बिन्दु थे, उन पर अनुकरण करो। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने फ़रमायाः बाक़ी एक तो तुम लोग पाँच नमाज़ें नियमित पढ़ा करो और जहां-जहां नमाज़ सैंटर और मस्जिद हैं नमाज़ जमाअत के साथ पढ़ा करो, क़ुरआन करीम की तिलावत नियमित करो , अपनी दोस्तियाँ अच्छे लड़कों से रखो और पढ़ाई की तरफ़ ध्यान दो। यह चार बातें याद रख लो और बाक़ी बिन्दु इस ख़ुत्बा से ले लेना।

*एक वाकिफ नौ ने सवाल किया कि बहैसीयत वक़्फ़ नौ हमें उच्च शिक्षा की तरफ़ ध्यान दिलाया जाता है और अमरीका में छात्र की तरफ़ से लिए जाने वाला

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

आप में से अक्सर जो उस वक़्त यहां मौजूद हैं,वे जो अंसारुल्लाह की उम्र के हैं वे अंसार भी हैं और मुहाजिर भी हैं। इस लिहाज़ से अपनी समीक्षा करते रहें।

नअैमान के लिए सिवाए ख़ैर के कुछ ना कहो क्योंकि वह अल्लाह और उस के रसूल से मुहब्बत रखता है। अजीब प्यार और मुहब्बत और मज़ाक़ की मज्लिसें हुआ करती थीं,यह सिर्फ़ ख़ुशक मज्लिसें नहीं होती थीं।

हज़रत नअैमान रज़ि ...की तबीयत में भी मज़ाक पाया जाता था अतः नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनकी बातें सुनकर आनन्दित हुआ करते थे।

हमारे साथ सिर्फ वही जंग में जाएगा जो हमारे धर्म पर है।

इख़लास तथा वफ़ा की साक्षात मूर्ति आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बदरी सहाबी हज़रत नअैमान बिन अमरो और हज़रत ख़ुबीब बिन इसाफ रज़ी अल्लाह अन्हुमा की मुबारक सीरत का दिलनशीं वर्णन।

मुहतरमा रशीदा बेगम साहिबा (रब्वह), मुकर्रम मुहम्मद शमशीर ख़ान साहिब (नांदी, फिजी) और मुकर्रमा फ़ातिमा मुहम्मद मुस्तफ़ा साहिबा (कुर्दिस्तान हाल नार्वे) की वफ़ात पर उनका ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जुम्अः तथा अस्र के बाद नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 13 सितम्बर 2019 ई. स्थान - कन्ट्री मारकेट बोर्डन, हेम्पशायर (वगे), यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

बदरी सहाबा के वर्णन का जो सिलसिला मैंने शुरू किया हुआ है वही आज भी वर्णन करूँगा लेकिन इस से पहले अन्सारुल्लाह को इज्तिमा के हवाले से यह भी बता दूं कि वे सहाबा जिन में अन्सार भी थे और मुहाजिर भी थे उन्होंने जब इस्लाम स्वीकार किया तो अपने अंदर पाक तब्दीलीयां पैदा कीं और ना सिर्फ क़ुर्बानियों के बल्कि तक़्वा के उच्च स्तर के और इख़लास तथा वफ़ा के अजीब नमूने दिखाए। आप में से अक्सर जो इस वक़्त यहां मौजूद हैं ,जो अन्सारुल्लाह की उम्र के हैं ,वे अन्सार भी हैं और मुहाजिर भी हैं। वे इस लिहाज़ से अपनी समीक्षा करते रहें कि हमारे सामने जो नमूने पेश किए गए थे उन पर हम किस हद तक चलने वाले और अनुकरण करने वाले हैं।

इस तमहीद के बाद अब मैं विषय शुरू करता हूँ। पहला जो वर्णन है वह हज़रत नअैमान बिन अमरो रज़ि का है जो ज़िक्र किया जाएगा। हज़रत नअैमान रज़ि का नाम नौमान भी मिलता है और नअैमान भी। और उनके पिता का नाम अमरो बिन रिफ़ाह और माता का नाम फ़ातिमा बिंत अमरो था। हज़रत नअैमान रज़ि की औलाद में मुहम्मद, आमिर, सबरह, लुबाबह, कब्शह, मर्यम और उम्मे हबीब, अमतुल्लाह और हकीमा का ज़िक्र मिलता है। इब्न इसहाक़ के निकट हज़रत नअैमान बैअत उक़बा सानिया में सत्तर अन्सार के साथ शामिल हुए थे। हज़रत नोमान जंग बदर, उहद, ख़ंदक़ और बाक़ी सारी जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल रहे। एक रिवायत में आता है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया नअैमान के लिए सिवाए ख़ैर के कुछ ना कहो क्योंकि वह अल्लाह और इस के रसूल से मुहब्बत रखता है। हज़रत नअैमान रज़ि की वफ़ात हज़रत अमीर मुआविया रज़ि के दौर हुकूमत में 60 हिज्री में हुई थी।

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 257 विमन बनी ग़नमे अन्नुअमान बिन अमरो । दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लबनान 1996 ई (अलकामिल फ़ित्तारीख़ भाग 3 पृष्ठ 405 ज़िक्र इद्दतिल हवादिस। सन 60 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2006 ई)

हज़रत उम्मे सलमा बयान करती हैं कि हज़रत अबूबकर रज़ी अल्लाह तआला अन्हो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वफ़ात से एक साल पहले बुसरा जो सीरिया का एक पुराना और मशहूर शहर है और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने चाचा के साथ सारिया के तिजारती सफ़र के दौरान इसी शहर में क़ियाम किया था और इसी तरह जब हज़रत ख़दीदा रज़ि का सामान सीरिया की तरफ़ लेकर गए थे तो उस वक़्त भी इसी जगह पर क़ियाम किया था और इस सफ़र में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ हज़रत ख़दीजा का ग़ुलाम हज़रत ख़दीजा भी था। बहरहाल हज़रत अबू बकर रज़ि जब वफ़ात से एक साल पहले तिजारत के लिए इस तरफ़ गए तो उनके साथ नअैमान और सोवियबित बिन हरमल: ने भी सफ़र किया और ये दोनों जंग बदर में भी मौजूद थे। हज़रत अबू बकर रज़ि के साथ इस सफ़र में नअैमान रास्ते के खाने पीने पर तैनात और इसी सफ़र की घटना है जब उनके साथी ने हज़रत नअैमान रज़ि को एक क़ौम के पास मज़ाक़ मज़ाक़ में बेच दिया था। यह घटना में हज़रत सोवियबित के वर्णन में पहले भी बयान कर चुका हूँ। बहरहाल कुछ सार रूप में वर्णन कर देता हूँ। सोवियबित उनके साथी थे उनकी तबीयत में मज़ाक था बल्कि कुछ रिवायतों से पता लगता है कि दोनों ही, हज़रत नुअमान रज़ि भी और हज़रत सोवियबित भी आपस में बड़े बे-तकल्लुफ़ थे, मज़ाक़ किया करते थे और उनकी तबीयत में मज़ाक था। तो उन्होंने सफ़र के दौरान नोमान से कहा कि मुझे खाना खिलाओ। उन्होंने जवाब दिया कि जब तक हज़रत अबू बकर रज़ि नहीं आएँगे,जो कहीं बाहर गए हुए थे , खाना नहीं दूँगा। सोवियबित रज़ि ने इस पर कहा कि अगर तुम ने मुझे खाना ना दिया तो फिर मैं ऐसी बातें करूँगा जिस पर तुम्हें ग़ुस्सा आए। रावी ने कहा कि उनका इस दौरान एक क़ौम के पास से गुज़रे तो सोवियबित ने उनसे कहा कि क्या तुम मुझ से मेरा एक ग़ुलाम ख़रीदोगे। बहरहाल कुछ समय के बाद कुछ दिनों के बाद या कुछ सफ़र में चलते चलते ही उस वक़्त यह ज़िक्र होगा। तो इस क़ौम को हज़रत सोवियबित ने कहा कि मेरे से ग़ुलाम ख़रीदोगे। क़ौम ने कहा हाँ ख़रीदेंगे तो सोवियबित ने इस पर उनको कहा कि वह बड़ा बोलने वाला है और यही कहता रहेगा कि मैं आज़ाद हूँ और जब वह तुम्हें यह बात कहे कि तुम उस को छोड़ दो तो फिर यह ना हो कि तुम मेरे ग़ुलाम को ख़राब करना। उन्होंने जवाब दिया कि नहीं बल्कि हम उसे तुझ से ख़रीदना चाहते हैं और उन्होंने उसे दस ऊंटनियों के बदले ख़रीद लिया। फिर वह लोग नअैमान के पास आए और उनके गले में पगड़ी या रस्सी डाली ताकि ग़ुलाम बना के ले जाएं। नअैमान रज़ि उनसे बोले कि यह शख़्स तुमसे मज़ाक़ कर रहा है मैं तो आज़ाद हूँ। ग़ुलाम नहीं हूँ। उन्होंने जवाब दिया कि उसने तुम्हारे बारे में पहले ही हमें बता दिया था। बहरहाल वह ज़बरदस्ती उन्हें साथ ले गए। जब हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ी अल्लाह तआला अन्हो आए और लोगों ने इस के बारे में बताया तो फिर आप उन लोगों के पीछे गए, इस क़ौम के पीछे गए और उनको ऊंटनियां वापस दीं और नोमान

को वापस ले आए। रावी ने बताया कि जब ये लोग वापस नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और आपको बताया तो रावी कहते हैं कि नबी करीम और आप के सहाबा इस से बहुत महज़ूज़ हुए। बड़ा हँसे और एक साल तक उन में यह लतीफ़ा बना रहा।(सुन्न इब्न माजा किताब आदाब बाब अल-मज़ाक हदीस 3719 मोअज्जमुल बुलदान भाग 2 पृष्ठ 348 '' बसरा फ़र्हंग सीरत पृष्ठ 58 बसरा।

कुछ जगह कुछ किताबों में इस फ़र्क़ के साथ यह घटना मिलती है कि फ़रोख़्त करने वाले हज़रत सोवियबित नहीं थे बल्कि हज़रत नौअमान थे।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिल सहाब: भाग 2 पृष्ठ 354 सोवियबित बिन हरमिला दारुल फिक्र बेरूत लबनान 2003 ई)

बहरहाल दोनों के बारे में ही ये रिवायत आती है। हज़रत नअैमान रज़ि के बारे में ये रिवायत भी आती है कि उनकी तबीयत में भी मज़ाक पाया जाता था। अत: नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनकी बातें सुनकर आन्नदित हुआ करते थे

रबीआ बिन उसमान से रिवायत है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास एक बद्दू आया और मस्जिद में दाख़िल हो कर उसने अपने ऊंट को सेहन में बिठा दिया। इस पर कुछ सहाबा ने हज़रत नुअमान रज़ि से कहा कि अगर तुम इस ऊंट को ज़िब्ह कर दो तो हम उसे खाएँगे क्योंकि हमें गोश्त खाने का बड़ा दिल कर रहा है। और बहरहाल यह बद्दू का ऊंट है तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास जब शिकायत होगी तो फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस का बदला अदा कर देंगे। रावी कहते हैं कि हज़रत नुअमान रज़ि ने उनकी बातों में आ कर ऊंट ज़िब्ह कर दिया और जब बद्दू बाहर निकला और अपनी सवारी को इस हालत में देखा तो शोर मचाने लगा कि हे मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम !मेरा ऊंट ज़िब्ह हो गया है। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बाहर तशरीफ़ लाए और फ़रमाया ये किस ने किया है? लोगों ने कहा नोमान ने। यह करने के बाद नोमान वहां से चले गए। कहीं जा के छिप गए तो आप उनकी तलाश में निकले। बहरहाल नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनकी तलाश में निकले यहां तक कि उन्हें हज़रत ज़ुबाह बिन्त ज़ुबैर बिन अब्दुल मुतलिब रज़ि के यहाँ छिपा हुआ पाया। जहां वह छिपे हुए थे वहां एक शख़्स ने अपनी उंगली से उनकी तरफ़ इशारा करते हुए ऊंची आवाज़ में कहा कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो वसल्लम! मुझे कहीं नज़र नहीं आ रहा। बहरहाल आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे वहां से निकाला और फ़रमाया कि यह हरकत तुम ने क्यों की है? तो नोमान ने निवेदन किया कि हे अल्लाह के रसूल! जिन लोगों ने आप को मेरे बारे में ख़बर दी है कि मैंने यह ज़िब्ह किया, उन्होंने ही मुझे उस पर उकसाया था। उन्होंने ही मुझे कहा था और यह भी कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बाद में इस का बदला दे देंगे, क़ीमत अदा कर देंगे। तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह बात सुन कर नुअमान रज़ि के चेहरे को छुआ, अपना हाथ लगाया और मुस्कुराने लगे और आप ने इस बद्दू को इस ऊंट की क़ीमत अदा दी।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिल सहाब: भाग 4 पृष्ठ 332 नअैमान बिन अमरो दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2008 ई) (अलफ़काह वल मज़ाह लेखक ज़ुबैर बिन बकार पृष्ठ 24-25 प्रकाशन 2017 ई)

ज़ुबैर बिन बकार अपनी किताब अलफक़ाह वलमिज़ाह में हमें हज़रत नुअमान रज़ि के बारे में एक घटना बयान करते हुए लिखते हैं कि

मदीना में जब भी कोई फेरी वाला दाख़िल होता , बाहर से कोई व्यापारी कोई चीज़ लेकर आता तो हज़रत नुअमान रज़ि इस से रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए कोई चीज़ ख़रीद लेते और वह लेकर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर होते और यह निवेदन करते कि आप के लिए मेरी तरफ़ से तोहफ़ा है। जब इस चीज़ का मालिक हज़रत नुअमान रज़ि से इस की क़ीमत लेने के लिए आता। वहां फिर रहे होते थे। बता देते थे कि मैं वहां रहता हूँ। बाद में क़ीमत भी ले लेते थे। वाक़िफ़ होते थे। बहरहाल जब वह क़ीमत लेने आता तो वह उसे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास ले आते और निवेदन करते कि उसे उस के माल की क़ीमत अदा कर दें। यह चीज़ जो मैंने ख़रीदी थी और आप को दी थी उस की क़ीमत अदा कर दें। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते कि क्या तुम ने ये चीज़ मुझे बतौर तोहफ़ा नहीं दी थी तो वह कहते हे रसूलुल्लाह!अल्लाह की क़सम मेरे पास इस चीज़ की अदायगी के लिए कोई रक़म नहीं थी हां मेरा शौक़ था कि अगर वह खाने की चीज़ है तो आप उसे खाएं। रखने की चीज़ है तो आप उसे रखें। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुस्कुराने लगते और इस चीज़ के मालिक को इस की क़ीमत अदा करने का आदेश फ़रमाते।

(उद्धरित लेखक अलफ़काह वल मिज़ाक लेखक ज़ुबैर बिन बकार पृष्ठ 27 प्रकाशन 2017 ई)

तो यह अजीब प्यार और मुहब्बत और मज़ाक की मज्लिसें हुआ करती थीं। यह सिर्फ़ ख़ुशक मज्लिसें नहीं होती थीं

दूसरा ज़िक्र जो आज होगा वह हज़रत ख़ुबीब बिन इसफ़ रज़ि का है। हज़रत ख़ुबीब रज़ी अल्लाह तआला अन्हो का सम्बन्ध अन्सार के क़बीला ख़ज़रज की शाख़ बनू जुशम से था और हज़रत ख़ुबीब रज़ि का नाम एक दूसरे कथन के अनुसार हबीब बिन यसाफ़ भी बयान हुआ है। उनके पिता का नाम इसाफ है जबकि एक दूसरे कथन के अनुसार यसाफ़ भी बयान हुआ है। इसी तरह उनके दादा का नाम इत्बा के इलावा इनबह भी बयान किया जाता है

(अस्सीरतुल नबविय्या ले इब्न हिशाम पृष्ठ 467 अल्अन्सार वमन मअहुम मन बनी जशम , दारुल कुतुब अल्इलमिया 2001 ई)

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 275 वमिन बनी जशम .... ख़ुबीब बिन यसाफ़ ,दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लबनान 1996 ई)(असदुल ग़ाबह भाग 1 पृष्ठ 683 हबीब बिन यसाफ़ प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)

हज़रत ख़ुबीब रज़ि की माता का नाम सलमा बिन्त मसऊद था। उनकी औलाद में से एक बेटा अबू कसीर था जिसका नाम अब्दुल्लाह था जो जमीला बिन्त अब्दुल्लाह बिन उबय बिन सलूल के गर्भ से पैदा हुआ था। दूसरे बेटे का नाम अबदुर्रहमान था जो उम्मे वल्द के गर्भ से पैदा हुआ था। एक बेटी उनेसा थी जो ज़ैनब बिन्त क़ैस के गर्भ से पैदा हुई थी। हज़रत अबू बकर सिद्दीक रज़ि की वफ़ात के बाद हज़रत ख़ुबीब रज़ि ने उनकी बेवा अर्थात हज़रत अबू बकर रज़ि की बेवा हबीबा बिन्त ख़ारिजा से शादी की थी।

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 275-276 वमन बनी जशम ... ख़ुबीब बिन यसाफ़, दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लबनान 1996 ई)(असदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिल सहाब: भाग 3 पृष्ठ 153 ख़ुबीब बिन इसाफ दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2008 ई)

हज़रत ख़ुबीब बेशक हिजरत मदीना के वक़्त मुस्लमान ना थे लेकिन फिर भी उन्हें हिजरत मदीना के वक़्त मुहाजरीन की मेज़बानी का सौभाग्य हासिल हुआ था। मुस्लमान नहीं थे लेकिन उन्होंने बड़ी मेज़बानी की, मेहमान-नवाज़ी की। हज़रत तलहा बिन अब्दुल्लाह रज़ि और हज़रत सुहैब बिन सिनान रज़ि उनके घर ठहरे। अलबत्ता एक दूसरे कथन के अनुसार हज़रत तलहा,हज़रत असद बिन ज़ुरारह के घर ठहरे थे।

(अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्न हिशाम पृष्ठ 338 मंज़िल तलहा व सुहैब, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2001 ई)

इसी तरह हज़रत अबूबकर सिद्दीक रज़ि ने जब मदीना की तरफ़ हिजरत की तो एक रिवायत के अनुसार उन्होंने हज़रत ख़ुबीब के हाँ क़बा में सख़ के स्थान पर निवास किया था। यह सख़ एक जगह का नाम है जो मदीना के अतराफ़ ऊंचे गावों में है। जहां बनी हारिस बिन ख़ज़रज के लोग रहा करते थे उस को कहते हैं। जबकि दूसरी रिवायत के अनुसार हज़रत अबू बकर रज़ि हज़रत ख़ारिजह बिन ज़ेद रज़ि के घर ठहरे थे

(अस्सीरतुन्नबिय्या ले इब्न हिशाम पृष्ठ 348 मंज़िल अबी बक्र बक़बा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2001 ई। लुग़ातुल हदीस भाग 2 पृष्ठ 373 ''सिख़''

जंग बदर के इलावा जंग उहद, जंग ख़ंदक़ और अन्य जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ यह शामिल हुए।

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 276 व मन बनी जशम ... ख़ुबीब बिन यसाफ़ , दारा अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लबनान 1996 ई)

एक रिवायत के अनुसार ख़ुबीब रज़ि का मदीना में पड़ाव था लेकिन इस के बावजूद उन्होंने इस्लाम स्वीकार नहीं किया था यहां तक कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जंग बदर के लिए रवाना हो गए। तब यह रास्ता में नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से जा मिले और इस्लाम स्वीकार किया।

(असदुल ग़ाबह फ़ी मारफ़तुल सहाब: भाग 3 पृष्ठ 152 ख़ुबीब बिन इसाफ दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 2008 ई)

सही मुस्लिम में हज़रत ख़ुबीब रज़ि के इस्लाम स्वीकार करने का ज़िक्र यूं मिलता है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पत्नी उम्मुल मोमेनीन

हज़रत आयशा रज़ि से यह रिवायत है। वह फ़रमाती हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बदर की तरफ़ निकले। जब आप हर्रत्तुल बवरत: जो मदीना से तीन मील की दूरी पर एक स्थान है वहां पहुंचे तो आप को एक शख़्स मिला जिसकी जुर्रत और बहादुरी का ज़िक्र किया जाता था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा ने जब उसे देखा तो बहुत ख़ुश हुए। जब वह आप से मिला तो उसने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में निवेदन किया कि मैं आप के साथ जाने और आप के साथ माल ग़नीमत में हिस्सा पाने के लिए आया हूँ। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे फ़रमाया। तुम अल्लाह और इस के रसूल पर ईमान लाते हो? उसने कहा नहीं। मैं ईमान नहीं लाता। मुस्लमान नहीं हूँ। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस पर फ़रमाया कि वापस चले जाओ क्योंकि मैं किसी मुशरिक से मदद नहीं लूँगा। वह फ़रमाती हैं कि वह चला गया यहां तक कि फिर जब आप ई शजर पहुंचे जो ज़वालहलीफ़ा, ये मदीना से छ: सात मेल के फ़ासले पर मुक़ाम है और शजरत पहुंचे जो ज़ुल हलीफा, यह स्थान मदीना से छ: मील की दूरी पर है। और शरजह इस के निकट ही एक स्थान है। बहरहाल वहां जब पहुंचे तो वह शख़्स फिर आप को मिला और फिर वैसा ही कहा जैसा पहली बार कहा था। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे वैसे ही फ़रमाया जैसे पहले फ़रमाया था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि लौट जाओ। मैं किसी मुशरिक से मदद नहीं लूँगा। फिर वह लौटा और आपको बेदा जो है (ज़ुलहलीफा,मदीना से छ: या सात मील की दूरी पर एक और स्थान है। शजर उस के पास ही एक मुक़ाम है और बेदा स्थान भी उधर ही है। ये दोनों जगह क़रीब क़रीब हैं बहरहाल) फिर वहां मिला तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे फ़रमाया जैसे पहले फ़रमाया था कि मुशरिक से हम मदद नहीं लेंगे और फिर आप ने फ़रमाया कि क्या तुम अल्लाह और इस के रसूल पर ईमान लाते हो? उसने कहा जी हाँ। तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे फ़रमाया कि चलो अब तुम मेरे साथ जा सकते हो।

(सही मुस्लिम किताबुल जिहाद बाब कराहतुल इस्तेआना फ़िल ग़ज़व बेकाफ़िर ...हदीस 1817))(मुअज्जमुल बुलदान भाग 3 पृष्ठ 142 इकमालुल मुअल्लिम बफ़वाइदिल मुसलिम भाग 4 पृष्ठ 181 किताबुल हज्ज बाब अमर अहलल मदीना दारुल वफ़ा 1998 ई)

इस रिवायत की व्याख्या में ज़िक्र किया गया है कि जिस शख़्स के इस्लाम स्वीकार करने का ज़िक्र इस रिवायत में किया गया है वह हज़रत ख़ुबैब रज़ि थे।

(अलबहरुल मुहीत अलसजाज फ़ी शरह सही अल-इमाम मुस्लिम बिन अल्हजाज भाग 31 पृष्ठ 620 प्रकाशन दार इब्ने अल-जोज़ी रियाज़ 1434 हिज्री)

हज़रत ख़ुबैब बिन इसाफ़ा रज़ि के इस्लाम स्वीकार करने और जंग बदर में शिरकत का ज़िक्र करते हुए अल्लामा नूरुद्दीन हलबी अपनी किताब सीरते हलबिया में ब्यान करते हैं कि

मदीना में हबीब बिन यसाफ़ रज़ि नामक एक ताक़तवर और बहादुर शख़्स था। यह हज़रत ख़ुबीब बिन इसाफ़ रज़ि का दूसरा नाम है जो सीरत की किताबों में लिखा हुआ है। बहरहाल यह शख़्स क़बीला ख़ज़रज का था। जंग बदर तक मुस्लमान नहीं हुआ था मगर यह भी अपनी क़ौम ख़ज़रज के साथ जंग जीतने की सूरत में माल ग़नीमत मिलने की उम्मीद में जंग के लिए रवाना हुआ। मुस्लमान उस के साथ निकलने पर बहुत ख़ुश हुए मगर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस से फ़रमाया कि हमारे साथ सिर्फ वही जंग में जाएगा जो हमारे धर्म पर है। एक और रिवायत में यह है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम वापस जाओ हम मुशरिक की मदद नहीं लेना चाहते। हुबीब को या ख़ुबीब को आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दो बार वापस लौटा दिया था। तीसरी बार आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस से फ़रमाया क्या तू अल्लाह और इस के रसूल पर ईमान लाता है? उसने कहा हाँ और इस्लाम स्वीकार कर लिया। फिर उसने निहायत बहादुरी के साथ ज़बरदस्त जंग की।

(अस्सीरतुल हलबिया भाग 2 पृष्ठ 204 बाब ज़िक्र मुग़ाज़ी जंग बदर अल-कुबरा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई)

मस्नद अहमद बिन हंबल में हज़रत ख़ुबीब रज़ि अपने इस्लाम स्वीकार करने के घटना का विस्तार इस तरह ब्यान करते हैं कि

मैं और मेरी क़ौम का एक और आदमी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में इस वक़्त हाज़िर हुए जबकि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक जंग की तैयारी फ़र्मा रहे थे और हम ने इस वक़्त इस्लाम स्वीकार नहीं किया था। हमने निवेदन किया कि यक़ीनन हमें शर्म आती है कि हमारी क़ौम तो जंग के लिए जा रही हो और हम इस में उनके साथ शामिल ना हूँ। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि क्या तुम दोनों ने इस्लाम स्वीकार कर लिया है। हमने निवेदन क्या नहीं। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया यक़ीनन हम मुशरिकों के ख़िलाफ़ मुशरिकों की मदद नहीं चाहेंगे। मुशरिकों के ख़िलाफ़ जंग हो रही है तो यह किस तरह हो सकता है हम मुशरिकों से ही मदद लें। वह कहते हैं अर्थात हज़रत ख़ुबीब रज़ि कहते हैं कि इस पर हम ने इस्लाम स्वीकार कर लिया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ इस जंग में शामिल हुए। मैंने इस जंग में एक शख़्स को क़त्ल किया और उसने भी मुझे चोट पहुंचाई। फिर उस के बाद जब मैंने इस मक़्तूल शख़्स की बेटी से शादी कर ली तो वह कहा करती थी कि तुम उस आदमी को भुला ना सकोगे जिस ने तुम्हें यह ज़ख़्म लगाया है। इस पर मैं कहता था कि तुम भी इस आदमी को भुला ना पाओगी जिसने तुम्हारे बाप को आग में पहुंचाया।

(मस्नद अहमद बिन हंबल भाग 5 पृष्ठ 411 हदीस 15855 जद्द ख़ुबीब ,आलेमुल कुतुब बेरूत लबनान 1998 ई)

जंग बदर में हज़रत ख़ुबीब बिन इसाफ़ा ने क़ुरैश मक्का के सरदार उमय्या बिन ख़लफ़ को क़त्ल किया था जिसका सारांक्ष के साथ मक़्तूल के नाम का वर्णन किए बग़ैर मस्नद अहमद बिन हंबल की रिवायत में वर्णन हुआ है शादी वाली घटना जो है

इस घटना का विस्तार के साथ ज़िक्र करते हुए अल्लामा नूरुद्दीन हलबी अपनी किताब 'सीरतुल हल्बिया 'में बयान करते हैं कि हज़रत अबदुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि से रिवायत है कि मैदान बदर में मुझे उमय्या बिन ख़लफ़ मिला। वह जाहिलियत के ज़माना में मेरा दोस्त था। उम्मया के साथ उस का बेटा अली भी था जिसने अपने बाप का हाथ पकड़ा हुआ था। यह अली उन मुस्लमानों में से था जो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मक्का से हिजरत से पहले इस्लाम स्वीकार कर चुके थे। इस वक़्त उनके रिश्तेदारों ने उन्हें इस्लाम से फेरने की कोशिश की जिस में वह कामयाब हो गए। इस्लाम स्वीकार किया था और फिर इस्लाम से फिर गए और फिर यह लोग कुफ़्र की हालत में मर गए। इन ही लोगों के बारे में अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फ़रमाई है कि إِنَّ الَّذِينَ تَوَفَّاهُمُ الْمَلَائِكَةُ ظَالِمِي أَنْفُسِهِمْ قَالُوا فِيمَ كُنْتُمْ قَالُوا كُنَّا مُسْتَضْعَفِينَ فِي الْأَرْضِ (अन्निसा 98)निसन्देह वे लोग जिन को फ़रिश्ते इस अवस्था में वफ़ात देते हैं कि वे अपने नफ़सों पर ज़ुलम करने वाले हैं वे उनसे कहते हैं कि तुम किस हाल में रहे? वे उत्तर में कहते हैं कि हम तो वतन में बहुत कमज़ोर बना दिए गए थे। बहरहाल कहते हैं कि ऐसे लोगों में हारिस बिन रबीअह, अबू क़ैस बन फ़ाकिह, अबू क़ैस बिन वलीद, आस बिन मुनब्बह और अली बिन उमय्या थे। अल्लामा नूरुद्दीन हलबी लिखते हैं कि किताब सीरत हिशामिया में लिखा है कि इन लोगों ने जब इस्लाम स्वीकार किया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का में थे। फिर जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मदीना की तरफ़ हिजरत की तो उन लोगों को उनके बाप दादों और रिश्तेदारों ने मक्का में ही रोक लिया और उन्हें आज़माईश में डाला जिसके नतीजा में ये लोग फ़ित्ने में पड़ गए और इस्लाम से फिर गए, इस्लाम छोड़ दिया। फिर वे जंग बदर के वक़्त अपनी क़ौम के साथ निकले और ये सब वहां क़त्ल हुए। इस पृष्ठभूमि से मालूम होता है कि ये लोग आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिजरत से पहले अपने धर्म से नहीं फिरे थे जबकि पहली रिवायत की पृष्ठभूमि से मालूम होता है कि ये लोग आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मक्का से हिजरत करने से पहले कुफ़्र की तरफ़ लौट थे।

बहरहाल हज़रत अब्दुर्हमान रज़ि बयान करते हैं कि मेरे पास कई ज़िरहें थीं जिन्हें मैंने उठाया हुआ था। इस वक़्त जंग की घटना ब्यान कर रहे हैं कि जब उम्मया ने मुझे देखा तो मुझे मेरे जाहिलियत के नाम से हे अब्द अमरो कह कर पुकारा। मैंने उस का जवाब नहीं दिया क्योंकि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जब मेरा नाम अब्दुर्रहमान रखा था तो फ़रमाया था कि क्या तुम इस नाम को छोड़ना पसंद करोगे जो तुम्हारे बाप दादा ने रखा था? मैंने निवेदन किया जी हाँ तो उम्मया ने कहा कि मैं तो रहमान को नहीं जानता। जब उम्मया ने मुझे मेरे नाम से पुकारा। जब दुबारा अब्दुर्रहमान कहा तो फिर मैंने जवाब दिया। बहरहाल ब-ज़ाहिर मालूम होता है कि जब उम्मया ने उन्हें उनके पुराने नाम से पुकारा था तो वह समझ तो गए थे कि इस के मुख़ातिब वही हैं मगर उन्होंने इस पुकार पर इसलिए जवाब नहीं दिया कि पुकारने वाले ने उनको एक बुत का बंदा कह कर पुकारा था और साथ ही इस बात का भी बड़ी सीमा तक संभावना है कि वह समझे ही ना हों कि किस

को पुकारा गया है क्योंकि वह नाम छोड़े हुए काफ़ी समय उनको हो गया था। फिर जब उमय्या ने उन्हें उनके मौजूदा नाम से पुकारा तो वह समझ गए कि वही मुराद हैं और वह जवाब देकर उस की तरफ़ ध्यान देने वाले हुए। तब उम्मया ने उनसे कहा कि अगर तुम पर मेरा कोई हक़ है तो मैं तुम्हारे लिए इन ज़िरहों से बेहतर हूँ जो तेरे पास हैं। पुरानी दोस्ती थी, दोस्ती का हवाला दिया। क्योंकि उस वक़्त ऐसी हालत थी कि उनको शिकस्त तो हो चुकी थी तो बचाओ की सूरत यह कहा कि यह हक़ है तो मैं बेहतर हूँ इन ज़िरहों से कि मेरे लिए तुम इंतिज़ाम करो। मैंने उन्हें कहा ठीक है। फिर मैंने ज़िरहें नीचे रखकर उमय्या और इस के बेटे अली का हाथ पकड़ लिया। उमय्या कहने लगे कि मैंने ज़िंदगी भर कभी ऐसा दिन नहीं देखा जो आज बदर के दिन गुज़रा है। फिर उसने पूछा कि तुम में वह शख़्स कौन है जिसके सीने पर ज़िरह में शुतुरमुर्ग का पर लगा हुआ है। मैंने कहा हम्ज़ा बिन अब्दुल मुतलिब रज़ि। तो उम्मया ने कहा कि यह सारा किया धरा उसी का है। उनकी वजह से हमारी यह हालत हुई है। बहरहाल उस के अपने अंदाज़े थे। एक कथन यह है कि यह बात उमय्या के बेटे ने कही थी। बहरहाल हज़रत अबदुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि कहते हैं कि इस के बाद में इन दोनों को लेकर चल रहा था। हाथ पकड़ लिया चल पड़ा कि अचानक हज़रत बिलाल रज़ि ने उमय्या को मेरे साथ देख लिया। मक्का में उमय्या हज़रत बिलाल रज़ि को इस्लाम से फेरने के लिए बड़ा अज़ाब दिया करता था। हज़रत बिलाल उमय्या को देखते ही बोले कि काफ़िरों का सरदार उमय्या बिन ख़लफ़ यहां है। अगर यह बच गया तो समझो में नहीं बचा। हज़रत अबदुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि कहते हैं कि यह सुनकर मैंने कहा तुम मेरे क़ैदीयों के बारे में ऐसा कह रहे हो? हज़रत बिलाल ने बार-बार यही कहा कि अगर यह बच गया तो मैं नहीं बचा और मैं भी हर बार ऐसा ही कहता, बार-बार उस को यही जवाब देता रहा। फिर हज़रत बिलाल रज़ि बुलंद आवाज़ से चिल्लाए कि हे अल्लाह के अन्सार! यह काफ़िरों का सरदार उमय्या बिन ख़लफ़ है। बड़ी ज़ोर से उन्होंने पुकारा कि हे अल्लाह अन्सार! यह काफ़िरों का सरदार उमय्या बिन ख़लफ़ है अगर यह बच गया तो समझो में नहीं बचा और बार-बार ऐसा कहा। हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि कहते हैं कि यह सुनकर अन्सारी दौड़ पड़े और उन्होंने हमें चारों तरफ़ से घेर लिया। फिर हज़रत बिलाल रज़ि ने तलवार सौंत कर उमय्या के बेटे पर हमला किया जिसके नतीजे में वह नीचे गिर गया। उमय्या ने इस पर ख़ौफ़ की वजह से ऐसी भयानक चीख़ मारी कि ऐसी चीख़ मैं ने कभी नहीं सुनी। इस के बाद अन्सारियों ने इन दोनों को तलवारों के वार से काट डाला।

(उद्धरित अस्सीतरतुल हलबिया भाग 2 पृष्ठ 232-233 बाब ज़िक्र मुग़ाज़ी/ जंग बदर अल-कुबरा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई)

सही बुख़ारी में उमय्या के क़त्ल का घटना इस तरह वर्णन है कि हज़रत अबदुर्रहमान बिन औफ़ रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ब्यान करते हैं कि मैंने उमय्या बिन ख़लफ को ख़त लिखा कि वह मक्का में, जो उस वक़्त दारुल हरब था ,मेरे माल और बाल बच्चों की हिफ़ाज़त करे और मैं इस के माल तथा सामान की मदीना में हिफ़ाज़त करूँगा। जब मैंने अपना नाम अब्दुर्रहमान रज़ि लिखा तो उमय्या ने कहा कि मैं अब्दुर्रहमान को नहीं जानता। तुम मुझे अपना वो नाम लिखो जो जाहिलियत में था। इस पर मैंने अपना नाम अब्द अमरो लिखा। जब वह बदर की जंग में था तो मैं एक पहाड़ी की तरफ़ निकल गया जब कि लोग सो रहे थे ताकि मैं इस की हिफ़ाज़त करूँ अर्थात हिफ़ाज़त की नीयत से उधर गए कि दुश्मन कहीं इधर से हमला ना करे तो बिलाल ने इस वक़्त उमय्या को वहां कहीं देख लिया। अत: वह गए और अन्सार की एक मज्लिस में खड़े हो गए और कहने लगे कि यह उमय्या बिन ख़लफ़ है। अगर बच निकला तो मेरी ख़ैर नहीं है। इस पर बिलाल के साथ कुछ लोग हमारा पीछा करने निकले। मैं डरा कि वे हमें पा लेंगे। वहां उस वक़्त तक लगता है हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि की और उमय्या की बात हो गई थी तो बहरहाल कहते हैं मुझे शक हुआ मैंने उन्हें कहा कि मैं तुम्हें क़ैदी बनाता हूँ। इसलिए मैंने उमय्या के बेटे को, दोनों को पकड़ तो लिया लेकिन जब ये मुस्लमान हमला करने वाले हज़रत बिलाल रज़ि के साथ आए तो कहते हैं मैंने उमय्या के बेटे को इस के लिए पीछे छोड़ दिया, वहां रख दिया ताकि वह हमला करने वाले उस के साथ मुकाबला करें। इस से ही लड़ाई करते रहें। इस की लड़ाई में व्यस्त हो जाएं उस के साथ और हम आगे निकल जाएं। अत: उन्होंने उसे मार डाला। उमय्या के बेटे को उन लोगों ने मार डाला। फिर यह कहते हैं कि उन्होंने हमारा पीछा किया और मेरा यह दाव कारगर ना होने दिया कि मैं उमय्या को बचा लूं। उमय्या चूँकि भारी भरकम आदमी था इसलिए जल्दी इधर उधर ना हो सका आख़िर जब उन्होंने हमें पा लिया तो मैंने उमय्या से कहा कि बैठ जाओ तो वह बैठ गया। मैंने अपने आपको इस पर डाल दिया कि उसे बचाऊं तो उन्होंने मेरे नीचे से इस के बदन में तलवारें घोंपें यहां तक कि उसे मार डाला। उन में से एक ने अपनी तलवार से मेरे पांव पर भी ज़ख़्म कर दिया। रावी इब्राहीम कहते हैं कि हज़रत अबदुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि हमें अपने पांव के पीछे वह निशान दिखाया करते थे जो इस वजह से था।

(सही अल-बुख़ारी किताब अल-वकाल बाब इज़ा वकलल मुस्लिम हरबिया फ़ी दारुल हरब औ फ़ी दारुल इस्लाम हदीस 2301)

उमय्या और इस के बेटे को किस ने क़त्ल किया ? इस बारे में मशहूर है कि उमय्या को अन्सार के क़बीला बनू माज़िन के एक शख़्स ने क़त्ल किया था जबकि इब्न हिश्शाम कहते हैं कि उमय्या को हज़रत मुआज़ बिन अफ़रा, ख़ारजह बिन ज़ैद और ख़ुबीब बिन इसाफ़ ने मिलकर क़त्ल किया था। जिन सहाबी का ज़िक्र हो रहा है यह भी उनमें शामिल थे। यह भी कहा जाता है कि हज़रत बिलाल रज़ि ने उसे क़त्ल किया था परन्तु वास्तव में असल हक़ीक़त यह है कि सब सहाबा उमय्या के क़त्ल में शामिल थे और उमय्या के बेटे अली को हज़रत बिलाल रज़ि ने हमला कर के नीचे गिरा दिया था। बाद में उसे हज़रत अम्मार बिन यासिर रज़ि ने क़त्ल किया था

(शरह अज़ज़रकानी अलल मवाहिब अल्लदुन्निया भाग 2 पृष्ठ 296 बाब ग़ज़व बदर अल्कुबरा, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1996 ई)

कुछ घटनाओं का जो विस्तार है उनका सीधा इस सहाबी से ताल्लुक़ नहीं होता लेकिन इस में तो ज़िक्र है भी लेकिन मैं इसलिए ज़िक्र कर देता हूँ ताकि हमें तारीख़ का भी कुछ ज्ञान हो जाए।

ख़ुबीब बिन अबदुर्रहमान ब्यान करते हैं कि मेरे दादा हज़रत ख़ुबीब रज़ि को जंग बदर के दिन एक ज़ख़्म पहुंचा था जिस से उनकी पिसली टूट गई। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस जगह पर अपना मुबारक थोक लगाया और उसे उस की निर्धारित जगह पर कर के इस को सही और दरुस्त कर दिया जिसके नतीजे में हज़रत ख़ुबीब रज़ि चलने लगे।

एक दूसरी रिवायत में यह ज़िक्र है कि हज़रत ख़ुबीब रज़ि ने बयान किया कि एक जंग के अवसर पर मेरे कंधे पर एक बहुत गहरा ज़ख़्म लगा जो मेरे पेट तक पहुंच गया और इस के नतीजे में मेरा हाथ लटक गया। फिर मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुआ तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस जगह अपना मुबारक थोक लगाया और उसे साथ जोड़ दिया जिसके नतीजे में वह बिलकुल सही हो गया और मेरा ज़ख़्म भी ठीक हो गया।

(असदुल ग़ाब: फ़ी मारफ़तुल सहाब भाग 3पृष्ठ 152 ख़ुबैब बिन इसाफ, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2008 ई)

(अलबदाया वन्नहाया ले इब्न कसीर भाग 3 भाग 6 पृष्ठ 166-167 सन11हिज्री दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2001 ई)

वफ़ात के बारे में एक कथन के अनुसार यह है कि हज़रत ख़ुबीब रज़ि की वफ़ात हज़रत उमर रज़ि के दौर ख़िलाफ़त में हुई थी जबकि दूसरे कथन के अनुसार उनकी वफ़ात हज़रत उसमान रज़ि के दौरे खिलाफत में हुई थी।

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

(अल-असाबा फ़ी तमीई ज़िज़सहाबा भाग 2 पृष्ठ 224 ख़ुबैब बिन इसाफ,दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2005 ई)

(अत्तबकातुल कुबरा भाग 3 पृष्ठ 276 व मन बनी जशम ... ख़ुबैब बिन यसाफ़, दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बेरूत लबनान 1996 ई)

बहरहाल अल्लाह तआला इन सहाबा के दर्जात बुलंद फ़रमाता चला जाए।

अब में तीन वफ़ात पाने वालों का भी ज़िक्र करूँगा और उनकी नमाज़ जनाज़ा भी नमाज़ों के बाद पढ़ाऊंगा।

उनमें से पहला ज़िक्र आदरणीया रशीदा बेगम साहिबा पत्नी आदरणीय सय्यद मुहम्मद सरवर साहिब रब्वह का है जो 24 अगस्त को 74 साल की उम्र में अल्लाह तआला के आदेश से वफ़ात पा गईं। इन्ना लिल्लाह व इन्ना इलैहि राजेऊन। उनके पूर्वज चारकोट कश्मीर से हिजरत कर के पाकिस्तान आए थे और आपके पिता अदरणीय दीन मुहम्मद साहिब रेलवे में नौकरी करते थे जो आपकी उम्र जब पाँच साल थी तो वफ़ात पा गए थे। इस के बाद उनकी आदरणीया माता ने अकेले ही बड़ी मेहनत और कठिनाई से अपने बच्चों को पाला। मरहूमा के ख़ानदान में अहमदियत का आरम्भ उनके दादा आदरणीय फ़तह मुहम्मद साहिब के द्वारा हुआ था जिन्होंने कादियान जा कर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के सहाबी हज़रत क़ाज़ी मुहम्मद अकबर साहब रज़ि के द्वारा बैअत की सआदत पाई थी। क़ाज़ी ने 1894 ई में चांद और सूरज ग्रहण का निशान देखकर अपने इलाक़ा और ख़ानदान के लोगों को बताया था कि इस निशान से पता लगा है कि इमाम महदी अलैहिस्सलाम का ज़हूर हो चुका है। हज़रत क़ाज़ी मुहम्मद अकबर साहिब के साथ इस ख़ानदान के ख़ानदानी समपर्क थे और रिश्तेदारी भी थी और इस लिहाज़ से फिर उनके माध्यम से उन तक अहमदियत का पैग़ाम भी पहुंचा और बैअत भी हुई। उनके एक बेटे मुहम्मद ज़करिया साहिब लाइबेरिया में मुबल्लिग़ हैं वह कहते हैं कि मेरी माता चंदों को बड़ी बाक़ायदगी से अदा करती थीं और बड़ी फ़िक्र रहती थी और पूछती रहती थीं कि मेरा चंदा अदा हो गया है कि नहीं और फिर उस के इलावा बच्चों की तरबीयत के मामला में भी बड़ी फ़िक्र थी, बहुत ध्यान देती थीं। बच्चों को ग़ैर ज़रूरी तौर पर घर से बाहर नहीं निकलने देती थीं ताकि बच्चों को आवारगी की आदत ना पड़ जाए या बाहर जा कर कोई ख़राब आदत ना सीख लें। कहते हैं कि जब बचपन में पिता जी हम भाईयों को मस्जिद में जा कर जमाअत के साथ नमाज़ अदा करने के लिए कहते और खासतौर पर जब नमाज़ फ़ज्र के लिए हमें जगाते तो माता बच्चों को मस्जिद भेजने के लिए बड़ा अहम किरदार अदा करती थीं और जब तक हम मस्जिद चले नहीं जाते थे चैन से नहीं बैठती थीं। ख़िलाफ़त के साथ बड़ी मुहब्बत, वफ़ा और प्यार का उनका सम्बन्ध था। बड़ी तवज्जा से ख़ुत्बों को सुनती थीं और इस के प्वाईंटस नोट करती थीं, बातें निकालती थीं और फिर अपने बच्चों से डिस्कस (discuss) करती थीं। फिर मरहूमा की जो बड़ी बेटी हैं उन्होंने बताया कि आख़िरी समय में भी नमाज़ की तरफ़ बड़ा ध्यान था और बड़ी लंबी नमाज़ उन्होंने पढ़ी। कोई एहसास नहीं होने दिया। नमाज़ पढ़ने के शीघ्र बाद ही उनकी तबीयत ख़राब हुई। हस्पताल ले के गए लेकिन वहां हार्ट अटैक की वजह से, दिल की हरकत बंद होने की वजह से अल्लाह तआला को प्यारी हो गईं। अल्लाह के फ़ज़ल से 1/8 हिस्सा की मूसिया थीं

उनके पाँच बेटों को बतौर वाक़फ़ीन ज़िन्दगी धर्म की ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिल रही है। दो बेटे मुहम्मद मुहसिन तबस्सुम और मुहम्मद मोमिन साहिब बतौर मुअल्लिम वक़्फ़ जदीद रब्वह मैं ख़िदमत की तौफ़ीक़ पा रहे हैं। दो बेटे दाऊद ज़फ़र साहिब और ज़करिया साहिब बतौर मुरब्बी सिलसिला और एक बेटे आसिफ़ साहिब वक़्फ़ नौ हैं यह ख़िलाफ़त लाइब्रेरी में कम्पयूटर सैक्शन में हैं। मुहम्मद ज़करिया साहिब इस वक़्त लाइबेरिया में जैसा कि मैंने बताया मुबल्लिग़ हैं और माता की वफ़ात पर वह जनाज़ा पर जा नहीं सके, उन्होंने भी बड़े अच्छे सब्र का नमूना दिखाया और अपनी डयूटी जो देश के हबाहर थी उस को बाक़ायदगी से अंजाम देते रहे और कोई इज़हार इस तरह नहीं हुआ कि मैं काम नहीं कर सकता, जा भी नहीं सके। अल्लाह तआला उनके बच्चों को भी सब्र और हौसला प्रदान फ़रमाए खासतौर पर यह बेटे जो लाइबेरिया में मुबल्लिग़ सिलसिला हैं और वफ़ात के वक़्त अपनी माता को मिल नहीं सके और अल्लाह तआला इन सब बच्चों को उनकी माता की नेकियों को जारी रखने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए। उनकी माता के स्तर बुल्न्द फ़रमाए।

